संख्या–651 / 38–6–2021–165 L.C./2020TC-I

प्रेषक,

**मनोज कुमार सिंह,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**जिलाधिकारी,**
प्रयागराज।

ग्राम्य विकास अनुभाग–6 लखनऊ: दिनांक : 26 नवम्बर, 2021

**विषय:–** प्रयागराज में दिनांक 05.12.2021 को स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं अन्य कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ प्रस्तावित आयोजन।

महोदय,

प्रयागराज में दिनांक 05.12.2021 को निम्नलिखित कार्यक्रमों के सदस्य/लाभार्थीगण के साथ आयोजन व संगोष्ठी प्रस्तावित है :–

1. बी0सी0सखी योजना के लाभार्थी।
2. कम्युनिटी सैनीटेशन काम्प्लेक्स (सामुदायिक शौचालय) के रखरखाव से जुड़े स्वयं सहायता समूह के सदस्य।
3. टेक होम राशन के प्लान्ट का शिलान्यास व माइक्रो इण्टरप्राईज के सदस्यों की भागीदारी।
4. कन्या सुमंगला योजना।
5. सामूहिक विवाह योजना।

इन योजनाओं से जुड़े लगभग 2.00–2.50 लाख महिला सदस्यगण/लाभार्थी एकत्रित होंगे।

कृपया उपरोक्त कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उचित स्थल का चयन व स्टेज, मंच, साउण्ड सिस्टम, कुर्सी/बैठने आदि की व्यवस्था के लिए कॉन्ट्रेक्टर हायर करने की कार्यवाही ससमय पूर्ण कर लें। आप द्वारा की जाने वाली व्यवस्था पर जो भी व्यय आयेगा वह शासन द्वारा सम्बन्धित विभाग (ग्राम्य विकास विभाग यदि आवश्यक हुआ तो अन्य विभागों) द्वारा किया जाएगा। कृपया कार्यक्रम के आयोजन पर होने वाले सम्भावित व्यय व तत्काल उपलब्ध करायी जाने वाली धनराशि से अवगत करा दें।

चूँकि पूरे प्रदेश भर से स्वयं सहायता समूह के सदस्यगण व अन्य लाभार्थियों को एकत्रित होना है एवं दुरस्थ जनपदों के प्रतिभागियों को कार्यक्रम के एक दिन पहले पहुॅचने की आवश्यकता होगी, इसलिए ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों के एक रात

ठहरने व खानपान की व्यवस्था भी प्रयागराज में की जानी होगी। इस सम्बन्ध में भी समुचित विचार–विमर्श कर प्रस्ताव उपलब्ध करायें।

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व अन्य लाभार्थियों को लाने–ले जाने की व्यवस्था सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाएगी।

कार्यक्रम 12.00 से 3.00 बजे के बीच प्रस्तावित किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी उसी दिन यात्रा कर कार्यक्रम में भाग ले सकें।

भवदीय,

Manoj 26/11/21

**(मनोज कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या– 651 (1) 38–6–2021 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश शासन।
3. प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन।
4. मिशन निदेश, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लखनऊ।
5. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

Manoj

**(मनोज कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव।